# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 30 मार्च, 2016/10 चैत्र,1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 35**

----

### हवाई पट्टियों का विस्तार

***3058 श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री सुरेश भारद्वाज(शिमला) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में किन-किन हवाई पट्टियों के सुधारीकरण व विस्तारीकरण के लिए केन्द्र सरकार की स्वीकृति प्राप्त हुई और इन पर कितनी राशि व्यय करनी प्रस्तावित है; और

(ख) सरकार यह कार्य कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा हवाई पट्टीवार दें?

----

### उद्योगों में कार्यरत कर्मचारी

***3059 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में बद्दी में स्थित उद्योगों (i) V.V.F (ii) P&G (iii) जोनसन & जोनसन में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; इनमें से कितने हिमाचली व कितने गैर-हिमाचली हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन उद्योगों में कितने ठेकेदार कार्य कर रहे हैं; इनके पास कितनी-कितनी लेबर है; उनमें कितने हिमाचली कामगार हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इन उद्योगों में कितने वाहन किराए पर चल रहे हैं; उसमें कितने हिमाचलियों व कितने गैर-हिमाचलियों के हैं?

----

**Primary Assistant Teacher**

***3060 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
**Sh. Hans Raj(Churah) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many PAT are working in Primary Schools in the State (figures be given district-wise);

(b) whether any PAT have been regularized till date and any policy has been framed by Government to regularize these teachers; and

(c) whether the Government is considering to regularise the contract employees after completing the period of five years and remove the condition of 31st March for regularisation?

----

**शून्य बुक वैल्यू की बसें**

***3061 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम के बेड़े में कितनी बसें हैं;

(ख) इनमें से कितनी बसें ऐसी हैं जिनकी बुक वैल्यू शून्य है;

(ग) यह सत्य है कि कुछ रूटों पर शून्य बुक वैल्यू की बसें चलाई जा रही हैं; और

(घ) यदि हां, तो ब्यौरा उन रूटों के नाम व चलाये जाने के कारणों सहित दें?

----

**सड़क निर्माण हेतु नीति**

***3062 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में लोक निर्माण विभाग ने ग्रामीण सड़कें, State Highways और National

Highways की मैटलिंग, टारिंग और सोलिंग की परत (thickness) कितनी-कितनी होनी चाहिए के लिए मापदण्ड निर्धारित किये हैं; और

(ख) यदि हां, तो यह मापदण्ड कब बनाए गए और सरकार बढ़ते हुए ट्रैफिक (load) के दृष्टिगत क्या इन मापदण्डों में परिवर्तन करने पर विचार करेगी?

----

## 14वां वित्तायोग

*3063 **श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार पंचायतों के चुने हुए जिला परिषद, BDC, प्रधान और उप-प्रधानों को विकास कार्यों के लिए 14 वें वित्तायोग से राशि का आबंटन किस आधार पर स्वीकृत करने की अनुमति देगी;

(ख) यह सत्य है कि प्रधान अब किसी दूसरे विभाग या अपने विभाग में ठेकेदारी नहीं कर सकेंगे; और

(ग) यह भी सत्य है कि पंचायतों में अब 50,000/- रूपये से ज्यादा राशि के सभी कार्यों के लिए Tender किये जाऐंगे ?

----

## लम्बित सड़कें

*3064 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला बिलासपुर के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कें एफ0सी0ए0 क्लीयरेंस हेतु लम्बित हैं; ब्यौरा रेंजवार कारणों सहित दें; और

(ख) विभाग ने इनके निपटारे हेतु क्या-क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

***3065 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क)गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम के कितने रूट बन्द किए गए व कितने नए चलाए गए; ब्यौरा रूट्स के नाम सहित दें;

(ख) विभाग द्वारा बन्द किए गए रूट्स को फिर से बहाल करने के सम्बन्ध में क्या पग उठाए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) नेरवा डिपो को कितनी बसें उपलब्ध करवाई गई; कितना फील्ड (Field) स्टाफ दिया गया; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

***3066 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांगड़ा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत (Kalroo) कलरू पुल के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; यह कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## लघु पन विद्युत परियोजनाएं

***3067 श्री किशोरी लाल(बैजनाथ) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी लघु पन विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन परियोजनाओं से सरकारी व गैर-सरकारी सम्पत्ति को कितना-कितना नुकसान हुआ; ब्यौरा दें;

(ग) इन परियोजनाओं हेतु कितने वृक्ष काटे गए; ब्यौरा परियोजनावार दें;

(घ) किन-किन परियोजनाओं ने Local Area Development Fund जमा करवाया है; यह धनराशि कहां-कहां खर्च की गई; ब्यौरा दें; और

(ङ) इन परियोजनाओं से पर्यावरण को हुए नुकसान के कितने मामले न्यायालय में विचाराधीन है?

----

## विकास खण्ड कार्यालय की स्थापना

***3068 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार जिला मण्डी के अन्तर्गत पंडोह में खंड विकास कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस विकास खंड में कौन-कौन सी पंचायतें शामिल करने का प्रस्ताव है; ब्यौरा दें?

----

## भूमि का हस्तांतरण

***3069 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला सिरमौर के धौलाकुआं में 6th आई0आर0बी0 की स्थापना किस वर्ष में की गई तथा वहां पर किस-किस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं;

(ख) 6th आई0आर0बी0 के भवन निर्माण के लिए कौन सी भूमि का चयन किया गया था व उस भूमि की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ग) पूर्व में निर्धारित की गई भूमि को क्या बदलने का प्रस्ताव है; यदि हां, तो नई चयनित भूमि कौन सी है, कितनी है, किसके नाम है क्या यह संबंधित विभाग के नाम स्थानान्तरित कर दी गई है व कितनी धनराशि इस कार्य के लिए दी जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

***3070 श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की विधायक प्राथमिकता में कितनी योजनायें स्वीकृत की गई; इनमें से कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 तैयार हो चुकी हैं; ब्यौरा धनराशि सहित दें;

(ख) इस अवधि में कितनी प्राथमिकताओं की डी0पी0आर0 नहीं बनी हैं; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ग) वर्तमान में पी0एम0जी0एस0वाई0 व नाबार्ड की कितनी सडकें व पुल एफ0सी0ए0 क्लीयरेंस न होने के कारण लम्बित हैं ?

----

## रोजगार हेतु आवेदन

***3071 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भिन्न-भिन्न पंचायतों में रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों ने रोजगार के लिए आवेदन किया है; ब्यौरा पंचायतवार नाम सहित दें; और

(ख) इनमें से कितने आवेदक हैं जिन्होंने सौ दिन का रोजगार प्राप्त किया; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## सड़क निर्माण

***3072 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कें अनुसूचित जाति उप-योजना में सम्मिलित हैं; और

(ख) सरकार क्या इन सड़कों की मरम्मत के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## साइंस ब्लॉक

***3073 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरुपी में साइंस ब्लॉक की स्वीकृति कब दी गई थी;

(ख)इस वित्तीय वर्ष में ब्लॉक के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई तथा इसमें से कितनी राशि व्यय की जा चुकी है; और

(ग) इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

----

## राजीव गांधी सूक्ष्म सिंचाई योजना

***3074 श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार द्वारा प्रदेश में राजीव गांधी सूक्ष्म सिंचाई योजना कब प्रारम्भ की गई; और

(ख) गत तीन वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए; ब्यौरा स्वीकृत कार्य का नाम व धनराशि सहित मण्डलवार दें?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***3075 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणी व पाठशालावार दें; और

(ख) इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## आर्थिक सहायता

***3076 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जिलाधीश ऊना द्वारा मंदिर ट्रस्ट चिंतपूर्णी से गरीब लड़कियों की शादी के लिए कितनी आर्थिक सहायता दी जाती है; सरकार क्या इसे 11000/- रुपये करने का विचार रखती है ?

----

## प्राध्यापकों को समान वेतन

***3077 श्री अजय महाजन (नूरपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि निजी विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत अध्यापकों को उनके समकक्ष सरकारी संस्थानों में कार्यरत अध्यापकों के समान वेतन तथा अन्य भत्ते दिए जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या उन्हें श्रम अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित समय सीमा में वेतन की अदायगी की जाती है; और

(ग) सरकार द्वारा गठित हिमाचल प्रदेश प्राईवेट उच्च शिक्षण रेगुलेटरी कमीशन द्वारा क्या इन संस्थानों का वित्तीय ऑडिट किया जाता है?

----

## Fire Station

***3078 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that under Nalagarh Assembly Constituency Central Government has sanctioned fire institution at village Dhang;

(b) If so, what is the latest position of construction of its building; and

(c) by when the institute will become functional ?

----

## लोक निर्माण विभाग द्वारा योजना

***3079 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में शिमला शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या के दृष्टिगत सड़कें तंग पड़ चुकी हैं; यदि हां, तो क्या लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों को चौड़ा करने तथा फ्लाईओवर बनाने की योजना बनाई गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा इस कार्य हेतु कोई बजट का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो कितना; ब्यौरा दें?

----

## खेल सुविधाएं

***3080 श्री वीरेन्द्र कंवर(कुटलैहड़) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में खिलाड़ियों को खेल सुविधाएं दी जा रही हैं तथा बिलासपुर व ऊना खेल छात्रावास में नियमित होस्टल सुपरिन्टैंडेंट की नियुक्ति नहीं की गई है; जिसके फलस्वरूप खिलाड़ियों के लिये खर्च होने वाली राशि का सदुपयोग नही हो रहा है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) सरकार युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यालयों को सुदृढ़ करने के लिये कितने कर्मचारी एवं अधिकारियों की नियुक्ति की गई हैं और वर्तमान में प्रत्येक जिला में कितने कर्मचारी श्रेणीवार कार्यरत हैं; ब्यौरा दें?

----

## दोषी के विरूद्ध कार्रवाई

*3081 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि स्काऊट्स एण्ड गाईड मुख्यालय, शिमला में कार्यरत किसी गैर-सरकारी कर्मचारी द्वारा फर्जी प्रमाण-पत्र देकर रोज़गार पाने की शिकायत पर CID द्वारा प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई; और

(ख) यदि हां, तो कब तथा दोषी के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## नागचला-मनाली फोरलेन

*3082 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नागचला (मण्डी) से मनाली तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) यह सत्य है कि नागचला-मनाली फोरलेन सड़क मार्ग बारे संघर्ष समिति द्वारा समय-समय पर प्रदेश सरकार को भू-अधिग्रहण प्रक्रिया के विरोध में ज्ञापन दिए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें?

----

## सौर ऊर्जा पार्क

*3083 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने Gujarat Ambuja Cement Factory दाड़लाघाट के साथ मिलकर चंडी-कशलोग में सौर ऊर्जा पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस पार्क हेतु कितनी भूमि का चयन किया गया तथा यह कब तक स्थापित कर दिया जायेगा; और

(ग) नैना-देवी में प्रस्तावित सौर ऊर्जा पार्क के निर्माण की अद्यतन स्थिति की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## ट्रकों को रोकना

***3084 श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में रात्रि 8 बजे के बाद ट्रकों द्वारा किसी भी प्रकार के माल ढुलाई पर प्रतिबंध है; यदि नहीं, तो BBN में रात के समय ट्रकों को माल ढुलाई से रोका जा रहा है; ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ख) सरकार क्या BBN में तैनात अधिकारियों को रात्रि में ट्रकों को न रोके जाने के दिशा-निर्देश देगी?

----

## कृषि विकास हेतु योजनाएं

***3085 श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार द्वारा किसानों के कृषि विकास के लिए कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 31-1-2016 तक चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी किसानों की क्या भूमि की जांच हो चुकी है; यदि हां, तो कितने किसानों को जांच-पत्र दिए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## नबाही माता मन्दिर

***3086 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार ने नबाही माता मन्दिर, सरकाघाट को कब अपने अधीन लिया;

(ख) गत तीन वर्षों में मन्दिर में चढ़ावे से कितनी आय हुई; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ग) इस धनराशि को कौन-कौन से विकास कार्यों पर व्यय किया गया; ब्यौरा कार्यवार धनराशि सहित दें;

(घ) इन कार्यों की स्वीकृति किस स्तर पर प्रदान की जाती है; और

(ङ) इस मन्दिर के संचालन हेतु कोई कमेटी गठित की गई है; यदि हां, तो उसमें कौन-कौन सदस्य हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## भूमि का हस्तान्तरण

***3087 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में शिमला रेलवे स्टेशन से लेकर पुराने बस-स्टैंड तक रेलवे बोर्ड के नाम भूमि खाली पड़ी है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार केन्द्र सरकार से इस भूमि को प्रदेश सरकार के नाम स्थानान्तरित करने का मामला उठाएगी; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं में रिक्तियां

***3088 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं;

(ख) इन पाठशालाओं में विभिन्न संकायों/विषयों के कितने-कितने पद कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सी0एस0डी0 सामान पर वैट

***3089 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने Canteen Store Department (CSD) सामान पर कुल कितना वैट लगाया है; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में यह वैट कितना-कितना था तथा कब बढ़ाया गया; ब्यौरा दें?

----

## सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नियुक्ति

***3090 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किस-किस श्रेणी के पद भरे गए; ब्यौरा श्रेणी व पदवार दें;

(ख) इन कर्मचारियों की नियुक्ति किस आधार पर की गई; ब्यौरा दें;

(ग) सरकार जिन कर्मचारियों ने 8 वर्ष या इससे अधिक का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है उन्हें नियमित करने का विचार रखती है; और

(घ) सरकार द्वारा अनुबन्ध आधार पर रखे गए कर्मचारियों को कब तक नियमित किया जाएगा ?

----

## कार्यों के रख-रखाव हेतु धनराशि

***3091 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक सरकार द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात को सड़कों, पुलों, भवनों इत्यादि के रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा तिथिवार दें; और

(ख) दिनांक 31 जनवरी, 2016 तक इस धनराशि में से कितना व्यय कहां-कहां किया गया; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि का मदवार व सड़क/भवनवार दें ?

----

## खिलाड़ियों को प्रोत्साहन

***3092 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया है व मैडल जीते हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की गई व कितने खिलाड़ियों को रोजगार व अन्य सुविधाएं दी गई; ब्यौरा जिलावार खिलाड़ियों के नाम सहित दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 14 मार्च, 2016 .** **सचिव।**